RAF SECTOR
NEWS CLIP
03/07/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Navodaya Times (New,Delhi)

आरपीएफ की 194 वाहिनी ने पौधे लगाए

आरपीएफ की 194 वाहिनी जोकि एक ओर शांति व्यवस्था बनाने में लगी हुई है, वहीं दूसरी ओर मंगलवार को बवाना स्थित कैंप परिसर में लगभग पांच सौ पौधे लगाए। ये कार्यक्रम कमांडेंट सतेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षण देना है। इस अवसर पर कमांडेंट ने बताया कि 194 वाहिनी का ध्येय आने वाले दो माह के दौरान अठारह हजार पौधे लगाने का है, जो कि बवाना, घोगा गांव, जेजे कॉलोनी एवम वाहिनी के स्थाई कैंप नूह हरियाणा में लगाए जाएंगे।

Prabhat khabar , Ghatshila (JKD)

रैफ ने 20 छात्रों को वृक्ष मित्र से किया सम्मानित

नरवा : सुंदरनगर थाना क्षेत्र के द्रुत कार्य बल 106 बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के निर्देशन एवं उप कमांडेंट अनामी शरण के नेतृत्व में गुरुवार को दयाल बाग विश्व विद्यालय के 20 छात्रों द्वारा जवानों के साथ 100 पौधे लगाये गये. उप कमांडेंट श्री शरण के अनुसार रैफ 106 बटालियन के लिए निर्धारित लक्ष्य 20 हजार पौधरोपण रखा गया था. जिसे पूर्व में ही पूरा कर लिया गया है. उन्होंने कहा कि इस वर्ष मानवीय संवेदना जागरूकता वर्ष मनाया जा रहा है. पौधरोपण इस अभियान की एक कड़ी है. रैफ 106 बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह द्वारा दयाल बाग विश्व विद्यालय के 20 छात्रों को वृक्ष मित्र से सम्मानित किया गया. मौके पर छात्रों को प्रदूषण मुक्त वातावरण को लेकर जानकारी भी दी गयी.

Navodaya Times (New,Delhi)

आरएएफ ने किया पौधरोपण

जासं, बाहरी दिल्ली रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 194 वाहिनी ने मंगलवार को बवाना स्थित कैंप परिसर में लगभग पांच पौधे लगाकर पर्यावरण को हराभरा रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मौजूद कमांडेंट सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 194 वाहिनी को अगले दो माह के दौरान अठारह हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है, बवाना, घोगा गांव, जेजे कॉलोनी एवं वाहिनी के स्थायी कैंप हरियाणा स्थित नूंह में लगाए जाएंगे।

पौधारोपण का मकसद लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा कर उसे संरक्षित करना है क्योंकि पर्यावरण हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर वाहिनी के समस्त अधिकारी व जवानों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में हिस्सा लिया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।